'गवाह' है कि दशकों तक
राजनीति करते-करते
ो गई है।

——— केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र



शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समानता और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है और किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ——— रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

नई दिल्ली। बुधवार • 16 अप्रैल • 2025 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **चांदनी** पत्नी विष्णु चौधरी, निवासी झुग्गी नं. 835, सेक्टर-4, पटेल नगर, बल्लभगढ़ सदर, फरीदाबाद (हरियाणा) दूसरा पता बी-3/963,12.5 स्क्वायर यार्ड, रघुबीर नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 737/2014 धारा 354/354ए/323/34 भा.द.सं. थाना ख्याला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **चांदनी** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **चांदनी** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 737/2014 धारा 354/354ए/323/34 भा.द.सं. थाना ख्याला, दिल्ली की उक्त अभियुक्ता **चांदनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री शिवाली तलवार,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम),**
**(महिला कोर्ट)-01, कमरा नं. 358,**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली।**

**DP/4762/WD/2025**

### शोधन अक्षमता प्रक्रिया में श्री वसीम अहमद खान (पीएएन : AFRPK4330B) की आस्तियों की बिक्री हेतु शुद्धिपत्र

**ई–नीलामी बिक्री सूचना दिनांक 15.04.2025 का शुद्धिपत्र**

कृपया इस समाचार पत्र में प्रकाशित दिनांक 15.04.2025 के बिक्री सूचना के लॉट नंबर 2 में शोधन अक्षम की संपत्ति का विवरण पढ़ें, जो इस प्रकार है।

**"दो भूमि, जिनमें से प्रत्येक का माप 2.023 हेक्टेयर है, कुल मिलाकर 4.046 हेक्टेयर है"**

दिनांक 15.04.2025 के बिक्री नोटिस में उल्लिखित अन्य सभी विवरण समान रहेंगे।

हस्ता./–
अनिल कोहली
शोधन अक्षमता न्यासी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16.04.2025

### शोधन अक्षमता प्रक्रिया में श्रीमति फरहा खान (पीएएन : AAUPW0636N) की आस्तियों की बिक्री हेतु शुद्धिपत्र

**ई–नीलामी बिक्री सूचना दिनांक 15.04.2025 का शुद्धिपत्र**

कृपया इस समाचार पत्र में प्रकाशित दिनांक 15.04.2025 के बिक्री सूचना के लॉट नंबर 1 में शोधन अक्षम की संपत्ति का विवरण पढ़ें, जो इस प्रकार है।

**"दो भूमि(याँ), जिनका माप 4.791 हेक्टेयर एवं 1.416 हेक्टेयर"**

दिनांक 15.04.2025 के बिक्री नोटिस में उल्लिखित अन्य सभी विवरण समान रहेंगे।

हस्ता./–
अनिल कोहली
शोधन अक्षमता न्यासी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16.04.2025

## सूचना व्यक्ति को समृद्ध बनाती है : प्रो. मंजु

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मोतीलाल नेहरू कॉलेज के अम्बेडकर स्टडी सर्कल द्वारा संवैधानिक संस्थाएं अंबेडकर और विकसित भारत विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर मंजु मुकुल कांबले ने कहा कि ज्ञान बदलाव लाता है सूचना व्यक्ति को समृद्ध बनाता है। अंबेडकर जितने ज्ञानी थे उतने ही समृद्ध। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता प्रो स्नेहलता नेगी ने कहा कि अंबेडकर युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड